A - 110 | MN10ABZ | 13/10/12 | SYBA Hin II

वेळ : २ तास | गुण : ६०

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए. (१६)

अ. " अब मैं निर्णय हूँ
सब का
अपना नहीं ।
अभी पार्थिव - पूजन परान्त
सेनाएँ, रथ, घोडे हाथी सब
युद्धयात्रा पर चन देंगे। "

अथवा

" युद्ध मंत्रना नहीं
एक दर्शन है राम ।
अन्तिम मार्ग है
स्वत्व और अधिकार अर्जन का ।
किसी - किसी युग में
युद्ध ही
अन्तिम सत्य, दर्शन हुआ करता मित्र !
शेष -
शोभा - वंचना । "

आ. " नाम अजामिल ते खलकोटि
अपार नदी भर डूबत काढे ।
जो सुमिरे गिरी मेरु सिला - कन,
होत अजाखर बारिधि बाढे ।।
प्रकटी तरिनी जो हरे अध गाढे ।
सो प्रभु स्वै सरिता तरिबे कहँ
मांगत नाव करारे ह्वै ढाढे ।। "

अथवा

" मैया कबहिं बढैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, जह अजहूँ है छोटी ।
तु जो कहति बलकि बेनी ज्यो, ह्वै है लांबी - मोटी ।
काढत - मुहत न्हवावत जै है नागिन सी भुई लोटी ।
काचौ दूध पियावती पचि - पचि देत न माखन - रोटी ।
सूरज चिरजीवै दोऊ भैया, हरि - हलधर की जोटी । "

प्रश्न २ **निम्नलिखित प्रश्नोंके उत्तर लिखिए.** (२४)

क. "संशय की एक रात" के केंद्रीय पात्र राम के संशय पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

क. "संशय की एक रात" खण्डकाव्य के देशकाल वातावरण पर प्रकाश डालिए ।

ख. कबीर के सत्संग पर सोदाहरण समझाइए ।

अथवा

ख. सूरदास के विरह - वर्णन पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न ३ **निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए.** (१०)

च. लक्ष्मण का चरित्र ।

अथवा

हनुमान का सेवाभाव ।

छ. कबीर का कर्म सिद्धान्त ।

अथवा

सूरदास की भक्ति - भावना ।

प्रश्न ४ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए.** (१०)

१. राम उदास मनस्थिती में कहाँ टहल रहे थे?

२. लक्ष्मण राम को छोडकर कहाँ चले गये?

३. युद्ध - मन्त्रणा में रत कौन थे?

४. "प्रत्युष बेला" का अर्थ बताइए ।

५. राम की विडम्बना क्या थी?

६. कबीर का जन्म कब हुआ?

७. तुलसीदास की पत्नी का नाम बताइए ।

८. बिहारी किस राजा के दर बारी कवि थे?

९. सूरदास की भक्ति किस प्रकार की थी?

१०. भूषणने किन राजाओं पर काव्य लिखा?

******